## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–नया भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता बल्कि अपराधियों को सबक सिखाता है, उन्होंने कहा–पूरी दुनिया मानती है कि 21वीं सदी है भारत की।
2. लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध और कालेधन की निगरानी के लिए आयकर विभाग ने राज्य में स्थापित किया कंट्रोल रूम, टोल–फ्री नम्बर जारी, चौबीस घंटे दी जा सकेगी सूचना।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में सरकारी लेन–देन और भुगतान के लिए रविवार 31 मार्च को सभी बैंकों को खुला रखने का दिया निर्देश, आयकर कार्यालय भी खुले रहेंगे।
4. प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम ने आज रांची में दारोगा मीरा सिंह और कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर की छापेमारी, लाखों रूपये और मोबाइल बरामद।
5. जमशेदपुर में छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन खेले जा रहे नॉकआउट मैच, 22 राज्यों के 460 से अधिक खिलाड़ी हो रहे हैं शामिल।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नया भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता बल्कि अपराधियों को सबक सिखाता है। नई दिल्ली में कल भारत राइजिंग सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को आतंकित करने वाले लोग अब कहीं नहीं हैं। श्री मोदी ने कहा कि पूरा विश्व 21वीं सदी को भारत की सदी मानता है।

*********************

लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध और काले धन का प्रवाह रोकने के लिए आयकर विभाग ने राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया है। अपर आयकर निदेशक अन्वेषण नरसिंह कुमार खलखो ने इस संबंध में आयकर के सभी रेंज को पत्र जारी किया है। धनबाद रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी आठों जिले धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज समेत राज्य के सभी जिलों के लिए नोडल आफिसर की तैनाती की गई है। यह कंट्रोल रूम चुनाव की समाप्ति तक 24 घंटे कार्यरत रहेगा। इसके लिए टोल फ्री नंबर 18003455018, 18003455018 और वाट्सएप नंबर 9693510277 भी जारी किये गये हैं। टोल फ्री नंबरों पर अवैध एवं काले धन के प्रवाह, उपयोग संबंधी सूचना या शिकायत की जा सकती है। वाट्सएप नंबर पर केवल सूचना प्रेषित की जा सकेगी।

इसके अलावा ईमेल jharkhand.nodal.election@incometax.gov.in पर भी सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा।

*********************

निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के साथ ही लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू हो गई है। इस चरण में 19 अप्रैल को 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा।

*********************

चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा है कि वैसे मतदाता जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाया है वे 22 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त कल देर शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिले में लोक सभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

*********************

गांडेय उपचुनाव को लेकर भाजपा नेताओं का जमावड़ा आज गिरिडीह बेंगाबाद प्रखंड में होने जा रहा है। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, दीपक प्रकाश समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। यह सीट सरफराज अहमद के इस्तीफा देने के बाद खाली हुई है।

*********************

भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को रविवार, 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुली रखने का निर्देश दिया है। चालू वित्तीय वर्ष में सरकारी लेन देन और भुगतान को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर आयकर विभाग ने रविवार 31 मार्च के साथ ही 29 मार्च को गुड फ्राइडे और 30 मार्च शनिवार को भी कार्यालय खुला रखने का निर्देश दिया है।

********************

केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना के तहत चतरा जिले के 14 विद्यालयों का चयन किया गया है। चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा। अगले 5 वर्षों में इन विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास पर 2 करोड़ रुपए खर्च किए जायेंगे।

********************

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की टीम आज रांची में दारोगा मीरा सिंह और कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जमीन से जुड़े मामले में ईडी की टीम दोनों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि ईडी ने लाखों रुपये और लगभग आधा दर्जन मोबाइल बरामद किये हैं। मीरा सिंह वर्तमान में रांची के तुपुदाना ओपी की प्रभारी हैं।

********************

चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए सुविधा पोर्टल के इस्तेमाल पर जोर दिया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट – प्रशांत जयवर्द्धन, चतरा – 47 सेकेंड

********************

गोड्डा जिले में देश का सबसे बड़ा ओपन कोल माइंस राजमहल कोल परियोजना के कोयला खनन के लिए इस वर्ष का निर्धारित लक्ष्य 17 मिलियन टन के विरुद्ध 20 मार्च तक 10 मिलियन टन ही कोयले का उत्पादन हो पाया है। राजमहल कोल परियोजना के खनन मैनेजर ओ. पी. चौधरी ने बताया कि लगातार बारिश से कोल माइंस का कार्य प्रभावित हुआ है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

साहिबगंज की बाल संरक्षण इकाई की टीम 21 लड़की और एक लड़के को लेकर साहिबगंज पहुंची। इन सभी का रेस्क्यू नई दिल्ली से किया गया है। इकाई के सदस्य सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि सभी बालक बालिकाओं की काउंसलिंग करने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज रूक–रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने रांची के साथ संताल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पलामू और कोल्हान के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

********************

छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मोहन आहूजा स्टेडियम और टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेन्टर में कल शुरू हुई। इसमें 22 राज्यों के 460 से अधिक खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। क्वालीफाइंग राउंड में कल लगभग 220 मैच खेले गये। सर्वश्रेष्ठ 3 सेटों के साथ 300 से अधिक नॉकआउट मैच आज से खेले जा रहे हैं। विजेता को अगले स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। इस चैंपिनयशिप का समापन 23 मार्च को होगा।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने लोकसभा चुवाव को लेकर कल लोहरदगा में वरीय पुलिस अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशा–निर्देश दिया।
- लातेहार जिला के बारियातू थाना क्षेत्र के विमल गंझू के घर से पुलिस ने लगभग पौने पांच किलो गीला अफीम बरामद किया है।
- मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

*******समाप्त*******